मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اُردو یونیورسٹی

MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

(A Central University established by an Act of Parliament in 1998)

(Accredited with Grade "A" by NAAC)

COLLEGE OF TEACHER EDUCATION, BHOPAL

अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल کالج آف ٹیچر ایجوکیشن، بھوپال

रिपोर्ट

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रसिद्ध नदियां, महासागर और देश के अन्य जल निकायों से संबंधित

13 अप्रैल 2023



भोपाल, 13 अप्रैल 2023, को मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका

शीर्षक :- " प्रसिद्ध नदियां, महासागर और देश के अन्य जल निकायों से संबंधित"

जिसमें उपरोक्त विषय से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए थे। प्रतियोगिता में बी० एड० (शिक्षा स्नातक), एम० एड० (शिक्षा अधिस्नातक) कक्षाओं के छात्र - अध्यापक एवं पी० एच० डी० (विद्या वाचस्पति) के शोधार्थी ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दिशा निर्देशों की जानकारी डॉ० शबाना अशरफ़ (सहायक आचार्य) द्वारा दी गई।

सर्वप्रथम- प्रतियोगिता के लिए चार सदन (ग्रुप) बनाए गए जिनके नाम क्रमश: निम्न प्रकार रखे गए।

प्रथम सदन (ए) - गंगा

द्वितीय सदन (बी) - यमुना

तृतीय सदन (सी) - कृष्णा

चतुर्थ सदन (डी) - कावेरी

प्रत्येक सदन के लिए सभी छात्रों में से तीन छात्रों का चयन विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के उपरांत सही उत्तर मिलने पर किया गया। इस तरह प्रथम दौर मे सदन गंगा (ए) के लिए एमडी० अबुज़र (बी०एड०, वर्ग बी), ऐशन रहमान और एमडी० अल्तमश (बीएड० चतुर्थ सेमेस्टर, वर्ग ए)

सदन बी, यमुना - एमडी० सुएब आलम, एमडी० जुबैर (बीएड, वर्ग बी) और एमडी० वकील (बीएड, वर्ग ए)

सदन सी कृष्णा- राहत अफरोज (बीएड चतुर्थ सेमेस्टर, वर्ग बी), एमडी० इमरान (बीएड चतुर्थ सेमेस्टर, वर्ग बी) और मोहम्मद तरिया अलराही (एम एड)कक्षा से थे।

(डी) कावेरी सदन -फरहीन बेगम (बीएड, द्वितीय सेमेस्टर, वर्ग बी), सफिया परवीन (एम एड चतुर्थ सेमेस्टर) और गुलिस्ता रानी (एम एड चतुर्थ सेमेस्टर) से चयन किया गया।
प्रतियोगिता के समय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।
प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ० तलमीज फातिमा नकवी मैडम (सह आचार्य), श्री मोहम्मद फैसल, डॉ० आफाक नदीम खान, डॉ० अखलेश कुमार मीणा, सहायक आचार्य थे।
दूसरे दौर में प्रत्येक सदन से आरोही क्रम से पांच प्रश्न क्रम से पूछे गए जिनके ऊपर ग्रुप के सभी छात्र आपसी विचार विमर्श करके दे रहे थे। उसका समय भी निर्णायक मंडल द्वारा पचास सेकेंड निर्धारित किया गया था। प्रश्न का उत्तर एक सदन निर्धारित समय में नहीं दे पाता है तो उसी प्रश्न को अगले सदन से पूछा जाता। जो भी सदन प्रश्न का उत्तर सही देता उसे एक अंक दिया जाता था।

दूसरे दौर में (ए) गंगा सदन के छात्रों ने चार प्रश्नों के सही उत्तर मिलने पर चार अंक प्राप्त किए।
(बी) यमुना सदन के विद्यार्थियों ने केवल एक प्रश्न का जवाब ठीक दिया तो उन्हें एक अंक मिला।
(सी०) कृष्णा सदन से तीन प्रश्नों का सही जवाब देने पर तीन अंक प्राप्त किए।
(डी) कावेरी सदन से तीन स्वयं के व एक प्रश्न कृष्णा सदन वाले का सही उत्तर देने के कारण चार अंक प्राप्त किए।

परिणाम - दूसरे दौर के परिणाम में (ए) गंगा सदन व (डी) कावेरी सदन, दोनो ने बराबर अंक प्राप्त किए।
तीसरा दौर- अंतिम परिणाम के लिए (ए) गंगा सदन व (डी) कावेरी सदन में तीसरे दौर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। दोनों ही सदनों के प्रतिभागियों के विषय से संबंधित तैयारी बहुत अच्छी थी। प्रत्येक ग्रुप से आरोही क्रम में प्रश्न पूछे गए। प्रश्न का स्तर काफी जटिल एवं विषय की गहरी जानकारियों से संबंधित थे। लेकिन प्रतिभागी काफी जोश व उत्साह से जवाब दे रहे थे। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में (डी) सदन कावेरी के छात्र अध्यापकों ने पांच में से चार प्रश्नों के उत्तर सही दिए। अतः उन्हें चार अंक मिले एवं (ए) गंगा सदन के छात्रों ने सभी पांचों प्रश्नों के सही उत्तर देने पर पांच अंक प्राप्त करके प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा (डी) कावेरी सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और सी कृष्णा सदन को तृतीय स्थान मिला। अंत में मानू शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल के प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य विद्यार्थियों को वरिष्ठ संकाय सदस्यों ने प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रभारी डॉ॰ शबाना अशरफ़ मैडम ने सभी प्रतिभागियों का संस्थान में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवाहन किया। और सभी को धन्यवाद अर्पित किया।

Convener:	**Co-convener**	**Written by:**	**Designed by:**	**Patron:**
Dr. T.F. Naqvi	Dr. Shabana Ashraf	Dr. Akhlesh K Meena	Dr. Tarannum Khan	Prof. Noushad Husain